JALAUN POLICE

दिनांक – 19.03.2025

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 01 शातिर चोर को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

दिनांक 18.03.2025 को वादी द्वारा थाना सिरसाकलार में तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर में घुसकर आभूषण व रुपये चोरी कर लिया गया था। उक्त सूचना पर थाना सिरसाकलार में मु0अ0स0-34/2025 धारा-305(क)/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। थाना सिरसाकलार पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी क्षेत्र गस्त के दौरान दिनांक 19.03.2025 को भिटारी बम्बा के पास से प्रकाश में आये अभियुक्त राघवेन्द्र सिह पुत्र श्रीकृष्ण नि0 ग्राम जमलापुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

पूँछतांछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 13/14.03.2025 की रात्रि में जगराम पुत्र कमलू ग्राम जमलापुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन के घर में घुंसकर बक्से के अन्दर रखे बैग से आभूषण व रुपये चोरी कर लिया था। रुपये मैने खर्च कर दिया है एवं आभूषण बेचने के उद्देश्य से जाते समय आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. राघवेन्द्र सिह पुत्र श्रीकृष्ण उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम जमलापुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण –

1. चोरी के आभूषण

आपराधिक इतिहास अभियुक्त का -

1. मु0अ0स0 58/2024 धारा 379/411 भादवि थाना सिरसाकलार जनपद जालौन
2. मु0अ0स0 59/2024 धारा 3/25 ए एक्ट थाना सिरसाकलार जनपद जालौन
3. मु0अ0स0 34/2025 धारा 305(क)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना सिरसाकलार जनपद जालौन

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक सिरसाकलार मय टीम।